Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 6 | नियंत्रण एवं समन्वय

QUIZ PART-02

1. **कौन-सी प्रक्रिया अचेतन और अनैच्छिक होती है?**
   A. दौड़ना B. पढ़ना
   C. प्रक्रियावर्ती क्रिया D. लिखना (C)

*व्याख्या :* प्रक्रियावर्ती क्रिया आग जैसी उत्तेजना पर स्वतः और बिना सोचे प्रतिक्रिया होती है, जैसे हाथ पीछे खींच लेना।

2. **प्रक्रियावर्ती क्रिया का मुख्य केंद्र कौन होता है?**
   A. मस्तिष्क B. हृदय
   C. मेरुरज्जु D. तंत्रिका कोशिका (C)

*व्याख्या :* प्रक्रियावर्ती क्रिया मेरुरज्जु द्वारा नियंत्रित होती है, क्योंकि यह तीव्र प्रतिक्रिया हेतु उत्तरदायी होता है।

3. **प्रक्रियावर्ती चाप में सबसे पहला घटक कौन-सा होता है?**
   A. प्रेरक तंत्रिका कोशिका B. मस्तिष्क
   C. संवेदी तंत्रिका कोशिका D. पेशियाँ (C)

*व्याख्या :* संवेदी तंत्रिका कोशिका उत्तेजना को सबसे पहले ग्रहण करती है और उसे आगे भेजती है।

4. **शरीर के सभी भागों से सूचना प्राप्त कर उन्हें संयोजित करने का कार्य कौन करता है?**
   A. पाचन तंत्र B. केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र
   C. संवेदी तंत्रिका D. पेशियाँ (B)

*व्याख्या :* केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र में मस्तिष्क और मेरुरज्जु होते हैं, जो सूचना को ग्रहण और समन्वित करते हैं।

5. **मस्तिष्क से निकलने वाली तंत्रिकाएँ कौन-सी होती हैं?**
   A. संवेदी तंत्रिकाएँ B. कपाल तंत्रिकाएँ
   C. प्रेरक तंत्रिकाएँ D. मेरुरज्जु तंत्रिकाएँ (B)

*व्याख्या :* मस्तिष्क से निकलने वाली तंत्रिकाएँ कपाल तंत्रिकाएँ कहलाती हैं।

6. **कौन-सी क्रिया सोच-समझकर की जाती है?**
   A. छींकना B. टहलना
   C. आंखें झपकना D. खांसना (B)

*व्याख्या :* टहलना एक ऐच्छिक क्रिया है, जो मस्तिष्क द्वारा नियंत्रित होती है।

7. **हृदय की धड़कन किस प्रकार की क्रिया है?**
   A. ऐच्छिक B. अनैच्छिक
   C. प्रक्रियावर्ती D. उपरोक्त सभी (B)

*व्याख्या :* हृदय की धड़कन एक अनैच्छिक क्रिया है जो बिना सोच के निरंतर होती रहती है।

8. **प्रक्रियावर्ती चाप का मार्ग कौन दर्शाता है?**
   A. मस्तिष्क की प्रक्रिया B. रक्त प्रवाह
   C. तंत्रिका आवेगों का मार्ग D. श्वसन तंत्र का मार्ग (C)

*व्याख्या :* प्रक्रियावर्ती चाप तंत्रिका आवेगों के प्रवाह के क्रम को दर्शाता है, जो प्रतिक्रिया उत्पन्न करता है।

9. **टहलने और प्रक्रियावर्ती क्रिया में क्या प्रमुख अंतर है?**
   A. दोनों समान हैं B. टहलना अनैच्छिक है
   C. टहलना सोच समझकर होता है जबकि प्रक्रियावर्ती क्रिया स्वतः होती है
   D. दोनों मस्तिष्क द्वारा नियंत्रित होती हैं (C)

*व्याख्या :* टहलना एक सोच-समझकर की गई क्रिया है जबकि प्रक्रियावर्ती क्रिया स्वतः और तीव्र होती है।

10. **मेरुरज्जु किस तंत्र का भाग है?**
    A. तवायत्त तंत्रिका तंत्र B. परिधीय तंत्रिका तंत्र
    C. केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र
    D. सहायक तंत्रिका तंत्र (C)

*व्याख्या :* : मेरुरज्जु मस्तिष्क के साथ मिलकर केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र का भाग बनाता है जो समन्वय का कार्य करता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App